हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, गुरुवार 28 मई 2026

13 सरकारी पेड़ों पर चली कुल्हाड़ी, वनकर्मियों से मारपीट



14 कर्मचारियों की हड़ताल से गांवों में सफाई व्यवस्था ठप



# शिलान्यास से अब तक सिर्फ इंतजार, मांग के 20 साल बाद शुरू हुआ अस्पताल प्रोजेक्ट 6 साल से अधर में

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

सिटी प्लस

20 साल पूर्व फतेहाबाद के बाशिंदों ने फतेहाबाद में बड़ा अस्पताल खोलने की मांग शुरू की थी। सरकारें बदलती गई लेकिन किसी भी सरकार ने यहां के लोगों के स्वास्थ्य की सुध नहीं ली। इस दौरान प्राइवेट अस्पताल खुलते गए और लोगों की जेब कटती रही। 20 वर्ष बीते तो सरकार को यहां एक बड़े सरकारी अस्पताल की जरूरत महसूस हुई। आखिरकार वर्ष 2022 आया जब यहां नए सरकारी अस्पताल की नींव रखी गई। बता दें कि फतेहाबाद के हुडा सैक्टर 9 में नए सिविल अस्पताल की नई बिल्डिंग का निर्माण वर्ष 2022 में शुरू हुआ था। शुरू में इसके निर्माण को लेकर वर्ष 2024 डेड लाइन रखी गई थी। कंपनी को वर्ष 2024 में निर्माण पूरा करना था, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की तरफ से अस्पताल के प्लान में बार-बार फेरबदल के चलते निर्माण कार्य में लगातार विलंब होता गया। स्वास्थ्य विभाग बार-बार लोक निर्माण विभाग से निर्माण को लेकर स्टेटस रिपोर्ट भी ले रहा है। 18 एकड़ में बन रहे इस अस्पताल में पहले 200 बैड की क्षमता रखी गई थी। दरअसल फतेहाबाद के हुडा सैक्टर 9 में बन रहे सिविल अस्पताल के निर्माण में हो रही लेटलतीफी के कारण इसकी डेडलाइन लगातार आगे बढ़ रही है। 2024 के बाद 2025 और अब फरवरी 2026 की डेट लाइन भी बीत चुकी है। अब यह कब बनकर तैयार होगा, इसकी कोई समय सीमा नहीं बताई जा रही।



फतेहाबाद। हुडा सेक्टर में चल रहा अस्पताल का निर्माण कार्य। फोटो : हरिभूमि

### 8 मंजिला होगी मुख्य बिल्डिंग

इस अस्पताल में दो भवन बनाए जा रहे हैं। इनमें एक आठ मंजिला है जबकि दूसरा भवन चार मंजिला है। अस्पताल का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। अस्पताल के स्ट्रक्चर निर्माण का काम लगभग पूरा हो चुका है और फिनिशिंग का काम पेंडिंग है। इसके निर्माण पर कुल 156 करोड़ की लागत आएगी। यह भी बता दें कि इसी सिविल अस्पताल को मेडिकल कॉलेज का दर्जा दिए जाने की मांग उठ रही है। नए अस्पताल में मरीजों के लिए निजी अस्पतालों जैसे प्राइवेट कक्ष भी होंगे। चार मंजिला बिल्डिंग में ओपीडी ब्लॉक होगा। पूरे ब्लॉक में ओपीडी कक्ष होंगे। स्वास्थ्य विभाग सरकारी अस्पताल में आने वाली मरीजों की संख्या और सुरक्षा को देखते हुए ओपीडी ब्लॉक को अलग से बना रहा है।

### स्वास्थ्य का सवाल



राजेन्द्र नारंग।

फतेहाबाद के सरकारी अस्पताल का निर्माण केवल एक इमारत का बनना नहीं, बल्कि हमारे जिले के हजारों परिवारों के स्वास्थ्य का सवाल है। 20 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद शुरू हुआ यह प्रोजेक्ट यदि छह साल में भी अधूरा है, तो यह हम सभी के लिए बेहद चिंता का विषय है। सभी शीर्ष नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों को मिलकर निर्माण की बाधाओं को तुरंत दूर करना चाहिए। फतेहाबाद की जनता को अब और इंतजार नहीं, बल्कि आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं मिलनी चाहिए।

### सरकारी सुस्ती की मिसाल



राजीव सरदाना

फतेहाबाद का बहुप्रतीक्षित सरकारी अस्पताल अब विकास का प्रतीक कम और सरकारी सुस्ती की मिसाल ज्यादा बनता जा रहा है। वर्षों तक जनता ने नए अस्पताल की मांग उठाई, नेताओं ने मंचों से घोषणाएं कीं, शिलान्यास हुए, तस्वीरें खिंचीं, लेकिन हकीकत यह है कि छह साल बाद भी अस्पताल पूरी तरह तैयार नहीं हो पाया। सवाल यह है कि आखिर जनता की सेहत से जुड़ा इतना बड़ा प्रोजेक्ट किसकी लापरवाही की भेंट चढ़ रहा है। जिले के लोग आज भी बेहतर इलाज के लिए दूसरे शहरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

### जवाबदेही की जरूरत



कृष्ण सोनी।

चुनावी भाषणों में विकास की रफ्तार तेज दिखाई जाती है, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात बिल्कुल अलग हैं। अगर प्रशासनिक इच्छाशक्ति और राजनीतिक दबाव सही दिशा में लगाया जाए, तो यह अस्पताल कब का तैयार हो चुका होता। अब जरूरत आरोप-प्रत्यारोप की नहीं, बल्कि जवाबदेही तय करने की है। जिले के जनप्रतिनिधियों को एकजुट होकर इस परियोजना की रोजाना मॉनिटरिंग करनी चाहिए ताकि वर्षों से अधर में लटका यह सपना आखिरकार पूरा हो सके। फतेहाबाद की जनता अब नई तारीखें और नए आश्वासन नहीं सुनना चाहती।

### नए भवन में बना आधुनिक आईसीयू

नए अस्पताल भवन में बड़ा ही आधुनिक टैक्नीक से आईसीयू बनाया जा रहा है। यह आईसीयू अस्पताल के मुख्य प्रवेश गेट के पास ही बनाया गया है ताकि गंभीर हालत में आने वाले मरीजों को तुरंत चिकित्सा मिल सके।

### धरातल पर प्रोजेक्ट कब सिरे चढ़ेगा

फतेहाबाद शहर में वर्तमान में 50 बैड का सरकारी अस्पताल है जोकि 1982 में भजनलाल सरकार द्वारा बनाया गया था। मौजूदा जनसंख्या और अस्पताल में आने वाले मरीजों की संख्या के हिसाब से यह काफी छोटा है। ऐसे में लोग लंबे समय से नए अस्पताल की मांग कर रहे थे। वर्ष 2006 में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने फतेहाबाद में 100 बेड का अस्पताल बनाने की घोषणा की थी।

## खबर संक्षेप

### बाल भवन में समर कैंप एक से 30 जून तक

**फतेहाबाद।** डीसी एवं जिला बाल कल्याण परिषद् के अध्यक्ष डॉ. विवेक भारती के मार्गदर्शन से स्थानीय बाल भवन में बच्चों हेतु समर कैम्प का आयोजन एक जून से 30 जून तक सुबह 8 बजे से सुबह 11 बजे तक बाल भवन प्रांगण में किया जा रहा है। जिला बाल कल्याण अधिकारी अनिल कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि समर कैंप में बच्चों को ग्रीष्मकालीन अवकाशों के दौरान प्रशिक्षण गतिविधियां जैसे कि डांस कक्षाएं, ब्यूटी केयर व मेहंदी कक्षाएं आदि करवाई जाएगी।

### 52 किलो डोडा चूरा पोस्त बरामद, दो गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सीआईए रतिया की टीम ने नशा तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान पंजाब के रहने वाले दो शातिर तस्करों को 52 किलोग्राम 320 ग्राम डोडा चूरा पोस्त सहित रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान संदीप उर्फ सिप्पी निवासी अर्जुन नगर, बठिंडा व विनय कुमार निवासी राजीव गांधी कॉलोनी, बठिंडा के रूप में हुई है।

### आकाशदीप सिंह हत्या मामले में युवक दबोचा

**फतेहाबाद।** आकाशदीप सिंह हत्या मामले में कार्रवाई करते हुए थाना जाखल पुलिस ने ढाणी बबनपुर निवासी गुरजीत सिंह उर्फ जीती को काबू किया है। इससे पहले पुलिस इस मामले में 7 आरोपियों को पहले ही काबू कर चुकी है। थाना जाखल प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता मुस्साखेड़ा निवासी हैप्पी सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 10 अगस्त 2025 को उसके चचेरे भाई आकाशदीप सिंह को कुछ युवक जबरन गाड़ी में बैठाकर गांव रूपांवाली ले गए, जहां उसके साथ लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से बेरहमी से मारपीट की गई। बाद में आरोपियों ने उसे रूपांवाली-घासवा रोड पर घायल अवस्था में फेंक दिया।

*अघोषित बिजली कटों से किसान परेशान, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन*

# बिजली संकट व महंगे डीजल पर फूटा किसानों का गुस्सा

## लघु सचिवालय तक निकाला रोष मार्च, लगाए नारे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

- लचर व्यवस्था तुरंत सुधारे सरकार : मनदीप नथवान

बिजली की कमी, डीजल के रेटों में बढ़ोतरी सहित अन्य समस्याओं को लेकर सैंकड़ों किसानों और मजदूरों ने पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के आह्वान पर फतेहाबाद में रोष प्रदर्शन किया। जिलाभर से आए किसान और मजदूर हिसार रोड स्थित नई सब्जी मण्डी में एकत्रित हुए और वहां से रोष मार्च निकालते हुए गगनभेदी नारों के साथ लघु सचिवालय पहुंचे, जहां उन्होंने उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम एक विस्तृत मांग पत्र सौंपा। प्रदर्शन में मुख्य वक्ता के तौर पर संगठन के प्रदेशाध्यक्ष मनदीप नथवान ने शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान ओमप्रकाश हसंगा व मनरेगा मजदूर यूनियन के जिला प्रधान केसर दास ने संयुक्त रूप से की। मंच संचालन किसान नेता महेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। मजदूर नेता रोही राम लालवास के नेतृत्व में काफी संख्या में मजदूरों ने भी प्रदर्शन में भाग लिया। किसानों को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष मनदीप नथवान ने तीखे तेवरों में कहा कि क्षेत्र का आम नागरिक, किसान और मजदूर वर्ग लंबे समय से अनेक मूलभूत समस्याओं से जूझ रहा है, लेकिन संबंधित विभागों को कई बार लिखित और मौखिक रूप से अवगत करवाने के बावजूद कोई उचित समाधान नहीं किया गया है।



फतेहाबाद। प्रदर्शन में भाग लेने पहुंचे किसान-मजदूर। फोटो : हरिभूमि

### ये हैं प्रमुख मांगें

बिजली संकट पर बोलते हुए मनदीप नथवान ने कहा, भयंकर गर्मी के इस मौसम में क्षेत्र में बिजली के बार-बार और अघोषित कट लग रहे हैं, जिससे आम जनता का जीना मुहाल हो गया है और किसानों को अपनी फसलों को बचाने व सिंचाई करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हमारी मांग है कि इस लचर व्यवस्था में तुरंत सुधार कर स्थाई समाधान किया जाए। उन्होंने पेट्रोल-डीजल के बढ़ाए गए रेट भी तुरंत वापस लेने की मांग की। उन्होंने आगे कहा कि प्राकृतिक आपदाओं की मार झेल रहे किसानों की खराब हुई फसलों का उचित मुआवजा और बीमा राशि प्रशासन द्वारा जल्द से जल्द जारी की जानी चाहिए। इसके अलावा, क्षेत्र में लगातार बढ़ रही सेम की समस्या उपजाऊ जमीनों को बर्बाद कर रही है, जिसका स्थाई तकनीकी समाधान बेहद जरूरी है। मानसून को ध्यान में रखते हुए उन्होंने मांग की कि घग्गर नाली एवं ड्रेन की तुरंत सफाई करवाई जाए तथा बांधों को समय रहते मजबूत किया जाए।

# जनता पसीने में तर, निगम दे रहा बिजली बचाने का ज्ञान

- नौतपा की गर्मी में बिजली संकट गहराया, उपभोक्ताओं में बढ़ा रोष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

एक तरफ नौतपा की भीषण गर्मी में लोग घंटों बिजली कटौती से परेशान हैं, दूसरी ओर दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने जनता को बिजली बचाने का ज्ञान बांटना शुरू कर दिया है। विभाग ने अपील जारी कर लोगों से कहा है कि बिना जरूरत लाइट, पंखे, कूलर और एसी बंद रखें, ताकि निर्बाध बिजली सप्लाई बनी रहे। अब सवाल यह उठ रहा है कि जब बिजली खुद ही बार-बार गुल हो रही है तो आखिर जनता कितनी और बचत करे। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में आए दिन लग रहे कटों से उपभोक्ता पहले ही परेशान हैं। कई इलाकों में दिन में कई-कई बार बिजली जाने से लोग गर्मी में बेहाल हैं। ऐसे हालात में विभाग की एडवाइजरी लोगों को राहत देने के बजाय तंज जैसी लग रही है। डीएचबीवीएन के अधीक्षण अभियंता एसएस रॉय ने अपील जारी करते हुए लोगों से बिजली बचाने और सोलर अपनाने को कहा है। हालांकि लोगों का कहना है कि बिजली आती ही कम है, ऐसे में उपकरण चलाने का मौका ही कहां मिल रहा है।



फतेहाबाद। बिजली निगम में लगे ट्रांसफार्मर। फोटो : हरिभूमि

### नहीं उठाए जाते हेल्पलाइन नंबर

*फॉल्ट और शिकायतों के लिए विभाग ने 1912 सहित कई हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं, लेकिन उपभोक्ताओं का आरोप है कि शिकायत दर्ज होने के बाद भी कई बार घंटों तक समाधान नहीं होता। ऐसे में लोगों को अब 'हेल्पलाइन' से ज्यादा भरोसा मौसम बदलने पर होने लगा है। दरअसल उपभोक्ताओं का मानना है कि निगम कितने भी नंबर जारी कर लें, जब एएलएम, एलएम या जेई ने फोन उठाना ही नहीं तो इन्हें जनता के बीच जारी करने का कोई औचित्य ही नहीं बनता।*

# हाईकोर्ट के स्थगन आदेश की अवहेलना पर उपायुक्त सहित तीन को नोटिस

**सिरसा।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने एबीपीओ नीरू रानी के मामले में न्यायालय के स्थगन आदेश का पालन न करने पर जिला प्रशासन के तीन वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू कर दी है। न्यायाधीश संदीप मौदगिल ने सिरसा के डीसी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम समन्वयक, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी डबवाली को 29 मई को व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित होने का नोटिस जारी किया है। मामले के अनुसार याचिकाकर्ता नीरू रानी को जिला प्रशासन द्वारा एक सितंबर 2025 को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। इसके विरुद्ध दायर याचिका पर हाईकोर्ट ने 18 सितंबर 2025 को अंतरिम स्थगन आदेश पारित किया था। कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि यदि याचिकाकर्ता को सेवा से मुक्त कर दिया गया है तो उसे तत्काल वापस लिया जाए तथा 19 सितंबर 2025 से ड्यूटी ज्वाइन करने दी जाए। न्यायालय के उक्त आदेश की अनुपालना में याचिकाकर्ता को 19 सितंबर 2025 को पुनः कार्यभार ग्रहण करवा दिया गया था। इसके पश्चात 11 दिसंबर 2025 को हुई अगली सुनवाई के बाद भी विभाग द्वारा एक्सटेंशन लेटर जारी कर याचिकाकर्ता को सेवा में बनाए रखा गया। 20 अप्रैल 2026 को हुई सुनवाई में भी न्यायालय द्वारा अंतरिम स्थगन आदेश को जारी रखा गया था। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने अवमानना याचिका में कोर्ट को बताया कि इसके बावजूद प्रतिवादी अधिकारियों ने न तो याचिकाकर्ता का अनुबंध बढ़ाने के लिए एक्सटेंशन लेटर जारी किया और न ही उसे ड्यूटी जॉइन करने दी।

# सरकारी अस्पताल के बाहर मेडिकल स्टोर में लगी आग, बाल-बाल बचे पिता-बेटी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

शहर के नागरिक अस्पताल के मुख्य गेट के बाहर स्थित हरियाणा मेडिकल हॉल में बुधवार शाम अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। हादसे में मेडिकल स्टोर के बाहर रखा सामान और हजारों रुपये की दवाइयां जलकर राख हो गईं। वहीं दुकान के अंदर मौजूद 62 वर्षीय बुजुर्ग और 13 साल की दिव्यांग बच्ची की जान बाल-बाल बच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शाम के समय मेडिकल स्टोर के बाहर लगे शेड पर वेल्डिंग का काम चल रहा था। इसी दौरान निकली चिंगारी ने पास में रखे ज्वलनशील सामान को आग पकड़ ली। कुछ ही मिनटों में आग तेजी से फैल गई और मेडिकल स्टोर के बाहरी हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें उठती देख आसपास के दुकानदार और अस्पताल परिसर में मौजूद लोग मौके पर जमा हो गए। बताया जा रहा है कि हादसे के समय मेडिकल स्टोर संचालक हेमंत कुमार के 62 वर्षीय पिता हंसराज और उनकी 13 वर्षीय दिव्यांग बेटी दुकान के अंदर मौजूद थे। बाहर आग भड़कने के कारण कुछ समय के लिए दोनों अंदर ही फंस गए। स्थिति को देखते हुए तुरंत दुकान का शटर बंद कर दिया गया, ताकि आग और धुआं अंदर न पहुंच सके। इससे दोनों सुरक्षित रहे और बड़ा हादसा टल गया। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। वहीं डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने भी आग बुझाने में सहयोग किया। करीब आधे घंटे तक लगातार मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।




# जिले में 90 हजार बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की दवा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

- पल्स पोलियो अभियान को लेकर समीक्षा बैठक

जिले में 28 जून से 30 जून तक नेशनल पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। बुधवार को लघु सचिवालय में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी डॉ. विवेक भारती ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के दौरान कोई भी बच्चा दवा पीने से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत आज पोलियो मुक्त देशों में शामिल है, लेकिन दुनिया के कुछ देशों में अब भी पोलियो के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में सावधानी और सतर्कता बेहद जरूरी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और अपने बच्चों को हर बार पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं। यह केवल एक परिवार नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र की सुरक्षा का विषय है। डीसी ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि अभियान के दौरान हाई रिस्क क्षेत्रों, प्रवासी आबादी वाले इलाकों, ईंट-भट्टों, निर्माण स्थलों और घनी बस्तियों पर विशेष फोकस किया जाए, ताकि हर बच्चे तक पोलियो की दवा पहुंच सके। जिला में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों की अनुमानित संख्या करीब 90 हजार है। अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 550 स्थायी बूथ स्थापित किए जाएंगे तथा 70 मोबाइल बूथ भी सक्रिय रहेंगे।

# मेला ग्राउंड में अवैध कब्जों पर चला पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

- झुग्गी-झोपड़ियों के साथ पक्के मकानों को ध्वस्त किया

नगर परिषद द्वारा बुधवार को मेला ग्राउंड क्षेत्र में अवैध कब्जे पर पीला पंजा चलाया और झुग्गी-झोपडियों के साथ पक्कें मकानों को ढहा दिया गया। इस दौरान लोगों ने विरोध किया लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी में प्रशासन ने अवैध कब्जों को हटाना जारी रखा और देर शाम तक यह कार्रवाई जारी रही। जेसीबी मशीनों की मदद से झुग्गी-झोपड़ियो के साथ-साथ कई पक्के निर्माण भी तोड़े गए। नगर परिषद अधिकारियों के अनुसार मेला ग्राउंड की सरकारी भूमि पर लंबे समय से लोगों ने अवैध कब्जे कर रखे थे। प्रशासन की ओर से कब्जाधारकों को कई बार नोटिस जारी कर स्वयं जगह खाली करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन इसके बावजूद लोगों ने कब्जा नहीं हटाया।



## पुरुषोत्तम एकादशी : विष्णु भगवान का श्रृंगार कर की अद्भूत पूजा

# श्याम मंदिर में पुदीने की माला से हुआ शिव अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

अधिक मास में पडऩे वाली पुरुषोत्तम एकादशी यानी पद्मिनी एकादशी का पर्व जिलेभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। भगवान विष्णु और श्रीकृष्ण के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठे। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर पूजा-अर्चना की तथा सुख-समृद्धि की कामना की। शहर के श्री श्याम मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन किए गए। मंदिर को आकर्षक फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान विष्णु और बाबा श्याम की पूजा की। वहीं मंदिर परिसर में स्थित शिवलिंग पर पुदीने की विशेष माला अर्पित की गई। भीषण गर्मी के बीच पुदीने से किए गए श्रृंगार को श्रद्धालुओं ने आस्था और शीतलता का प्रतीक बताया। पूजा के दौरान भजन-कीर्तन और विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ भी हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। श्री श्याम मंदिर के पूजारी सूरज शर्मा के अनुसार अधिक मास में आने वाली पद्मिनी एकादशी का सनातन धर्म में विशेष महत्व माना जाता है। यह एकादशी भगवान विष्णु को समर्पित होती है और मान्यता है कि इस दिन व्रत, पूजा और कथा पाठ करने से व्यक्ति के जीवन के कष्ट दूर होते हैं तथा घर में सुख-शांति बनी रहती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह एकादशी प्रत्येक तीन वर्ष में एक बार अधिक मास में आती है, इसलिए इसका महत्व और बढ़ जाता है।



फतेहाबाद। श्री श्याम मंदिर में पुदीने की माला से शिव अभिषेक करते श्रद्धालु।



फतेहाबाद। श्री श्याम मंदिर में पुरूषोतम एकादशी पर पूजा करते पुजारी सूरज शर्मा। फोटो : हरिभूमि

### व्रत कथा सुनने और पढ़ने की रही विशेष परंपरा

मंदिरों में पद्मिनी एकादशी व्रत कथा का भी आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त किया। धार्मिक मान्यता है कि व्रत के साथ कथा का पाठ किए बिना पूजा अधूरी मानी जाती है। कथा में भगवान विष्णु की भक्ति, सत्य और धर्म के पालन का संदेश दिया गया।

### दान-पुण्य और भजन संध्या का भी आयोजन

पंडित सूरज शर्मा ने बताया कि एकादशी पर्व पर कई श्रद्धालुओं ने जरूरतमंदों को फल, शरबत और भोजन वितरित किया। कुछ मंदिरों में शाम को भजन संध्या और सत्संग कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। महिलाओं और युवाओं ने भी बड़ी संख्या में भाग लेकर धार्मिक उत्साह का परिचय दिया। पुजारी सूरज शर्मा का कहना है कि पुरुषोत्तम मास में आने वाली यह एकादशी आध्यात्मिक उन्नति और पुण्य फल देने वाली मानी जाती है। इसी कारण सुबह से देर शाम तक मंदिरों में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही।

डॉक्टर्स सजेशन



**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## हीट स्ट्रोक-सन बर्न से बचने के कारगर उपाय



**मेरी उम्र 35 वर्ष है। मैं फील्ड जॉब करता हूं। कृपया बताएं कि हीट स्ट्रोक और स्किन सन बर्न से बचने के लिए मुझे क्या उपाय अपनाने चाहिए?**

**-हेमंत, बिलासपुर**

जैसा आप बता रहे हैं कि आप फील्ड जॉब करते हैं, इसलिए आपको इन दिनों अधिक सावधानी बरतने की जरूरत है। दिन के समय घर से बाहर निकलने से पहले पानी पीकर निकलें। साथ में अपने साथ पानी की बोतल जरूर रखें। हर घंटे में पानी पीते रहें। बेहतर होगा कि सुबह शिकंजी या छाछ पीकर निकले। साथ ही संभव हो तो जब आप फील्ड में हों तब दोपहर में भी शिकंजी या छाछ पी लें। इसके अलावा सन बर्न से बचने के लिए पूरी स्किन को ढंक कर रखें। अगर पैदल जा रहे हैं तो छाते का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 44 वर्ष है। मेरा बीपी कभी हाई तो कभी लो हो जाता है। इसकी क्या वजह हो सकती है? बीपी नॉर्मल रखने के लिए कृपया कोई उपचार बताएं।**

**-अविनाश, महासमुंद**

गर्मी के मौसम में पसीना अधिक निकलता है, जिससे ब्लड प्रेशर लो हो सकता है। इसलिए आप अपना बीपी मॉनिटर करते रहें। पानी का सेवन अधिक करें। अगर बीपी लो हो रहा है तो बीच-बीच में इलेक्ट्रॉल भी पी सकते हैं। अगर बीपी हाई भी हो रहा है तो आप एक बार डॉक्टर से कंसल्ट कर लें।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। पिछले कुछ हफ्तों से मेरी गर्दन के पिछले हिस्से में दर्द रहता है। कभी-कभी खड़े होने पर आंखों के आगे अंधेरा छा जाता है। कहीं यह किसी गंभीर बीमारी का संकेत तो नहीं? ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-सुब्रत, रायपुर**

आपके लक्षण सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको सर्वाइकल की दिक्कत हो रही है, क्योंकि सर्वाइकल में ही गर्दन में दर्द होता है और कई बार चक्कर भी आने लगते हैं। लेकिन बगैर जांच कराए कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। एक बार आप ऑर्थोपेडिक डॉक्टर से संपर्क कर लें। वे जांच कर बीमारी का पता लगाएंगे और उसका ट्रीटमेंट शुरू करेंगे। फिलहाल आप तकिए का इस्तेमाल बंद कर दें और मोबाइल या लैपटॉप वर्क करते समय गर्दन सीधी रखें।

**मेरी उम्र 25 वर्ष है। मुझे गर्मी के मौसम में सामान्य से बहुत अधिक पसीना आता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-विकास, दुर्ग**

यह समस्या कई लोगों में देखी जाती है, जिन्हें थोड़ी-सी गर्मी में पसीना निकलने लगता है, हाथों में पसीना आ जाता है। इसके लिए आप जरूर ध्यान रखें कि शरीर में पानी की कमी न होने दें। पानी अधिक पिएं। साथ ही कोशिश करें कि धूप में कम से कम बाहर निकलें। अगर निकल रहे हैं तो पानी की बोतल जरूर साथ रखें। इस तरह ही बचाव किया जा सकता है।

**मेरी उम्र 38 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरी बाईं आंख के नीचे गुठली-सी निकल आई है। छूने पर यह हार्ड लगता है और दर्द भी करता रहता है। कृपया बताएं कि यह क्या है और कैसे ठीक होगा?**

**-संचित, भोपाल**

आप बिना देर किए डॉक्टर से संपर्क करें, क्योंकि ऐसे मामले में बगैर जांच कराए कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। इसलिए आप जनरल फिजिशियन से संपर्क करें। वह आपको गाइड करेंगे कि कौन-सी जांच करानी है या आपको किसी डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

**मेरी उम्र 60 वर्ष है। मेरा पेट हमेशा भरा-भरा सा महसूस होता है। तय समय के हिसाब से खाना खा तो लेता हूं, लेकिन ठीक से भूख नहीं लगती। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-महेंद्र, रोहतक**

आपका डाइजेशन सिस्टम ठीक नहीं चल रहा है, इसलिए आपको ऐसा लगता है। सबसे पहले अपना खान-पान सुधारना होगा। सुबह नाश्ते में जूस लेना चाहिए, दोपहर में खाने के साथ सलाद और दही लें। शाम को हल्का खाना लेना चाहिए। इसके अलावा बाजार का बना या घर में बना अधिक ऑइली खाने से फिलहाल परहेज करना चाहिए। रात में सोने से 3 घंटे पहले आपको खा लेना चाहिए। इस तरह बदलाव करके देखें, अगर आराम मिलता है तो ठीक है नहीं तो आप एक बार डॉक्टर से संपर्क कर सकते हैं। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल**
sehatharibhoomi@gmail.com **पर ई-मेल कर सकते हैं।**

डॉक्टर्स एडवाइस

हर साल 31 मई को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा पूरी दुनिया में वर्ल्ड नो टोबैको-डे मनाया जाता है। इसका मकसद लोगों को तंबाकू के सेवन और स्मोकिंग करने से होने वाले गंभीर नुकसान के बारे में जागरूक करना है। आंकड़े बताते हैं कि तंबाकू का किसी भी रूप में सेवन कैंसर, हार्ट डिजीज, फेफड़ों की बीमारी और समय से पहले मौत की बड़ी वजह बन चुका है। सिर्फ स्मोकिंग करने वाला व्यक्ति ही नहीं, बल्कि उसके आस-पास रहने वाले लोग भी इसके धुएं से प्रभावित होते हैं, जिसे पैसिव स्मोकिंग कहा जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार तंबाकू शरीर के लगभग हर अंग को नुकसान पहुंचाता है और लगातार सेवन करने से सांस लेने में तकलीफ, लगातार खांसी और दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ा सकता है। इसलिए इस बारे में जानना बहुत जरूरी है।

### हार्ट पर पड़ता है बुरा असर

स्मोकिंग करने या तंबाकू के सेवन से हार्ट पर क्या असर पड़ता है, इस बारे में इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट एंड चेयरमैन मेट्रो ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स **डॉ. पुरुषोत्तम लाल** बताते हैं, 'स्मोकिंग और तंबाकू का सीधा असर हार्ट और ब्लड वेसल्स पर पड़ता है। तंबाकू में मौजूद हानिकारक रसायन धीरे-धीरे धमनियों को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे ब्लड फ्लो प्रभावित होने लगता है। इसकी वजह से ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है, धमनियां संकरी हो सकती हैं और हार्ट अटैक के साथ ही स्ट्रोक का खतरा भी कई गुना बढ़ जाता है। लगातार स्मोकिंग करने वाले लोगों में सीने में दर्द, दिल की धड़कन अनियमित होना और हार्ट की कार्यक्षमता कम होने जैसी समस्याएं भी देखने को मिलती हैं। चिंता की बात यह है कि अब कम उम्र के लोगों में भी हार्ट डिजीज तेजी से बढ़ रही हैं, जिसकी बड़ी वजह तंबाकू सेवन और खराब लाइफस्टाइल है। अगर समय रहते तंबाकू छोड़ दिया जाए, तो हार्ट पर पड़ने वाला दबाव काफी हद तक कम किया जा सकता है और गंभीर हृदय संबंधी बीमारियों के खतरे को घटाया जा सकता है।'

### लंग्स के लिए बहुत खतरनाक





तंबाकू का सेवन और खासतौर पर स्मोकिंग करना हमारे फेफड़ों पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। यह लंग्स को धीरे-धीरे कमजोर कर देता है। इस बारे में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-पल्मनोलॉजी, **डॉ. प्रीतपाल कौर** डिटेल में बताती हैं, 'स्मोकिंग के दौरान निकलने वाला धुआं फेफड़ों की नलियों और ऊतकों को नुकसान पहुंचाता है, जिससे सांस लेने की क्षमता प्रभावित होने लगती है। लगातार स्मोकिंग करने वाले लोगों में सांस फूलना, लगातार खांसी, बलगम बनना, अस्थमा और फेफड़ों की गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। लंबे समय तक तंबाकू सेवन करने से फेफड़ों में बार-बार संक्रमण हो सकता है और लंग कैंसर का जोखिम भी कई गुना बढ़ जाता है। कई बार लोगों को शुरुआती लक्षणों का पता ही नहीं चलता और बीमारी धीरे-धीरे गंभीर रूप ले लेती है। यही वजह है कि जब तक मरीज डॉक्टर के पास पहुंचते हैं, तब तक फेफड़े काफी प्रभावित हो चुके होते हैं। इसलिए फेफड़ों को स्वस्थ रखने और बेहतर जीवन के लिए तंबाकू का किसी भी रूप में सेवन छोड़ना बेहद जरूरी है।'

स्पेशलः वर्ल्ड नो टोबैको-डे, 31 मई

हम सभी जानते हैं कि तंबाकू चबाने और धूम्रपान करने से कई तरह की गंभीर शारीरिक बीमारियों की आशंका बढ़ जाती है। बावजूद इसके लोग इसकी लत से खुद को मुक्त नहीं करते हैं। तंबाकू सेवन से किस-किस तरह की बीमारियां हो सकती हैं, इसकी लत से बचे रहना कितना आवश्यक है, इस बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर्स दे रहे हैं महत्वपूर्ण जानकारियां।

## धूम्रपान-तंबाकू के सेवन से बढ़ती है गंभीर बीमारियों की आशंका





### बढ़ता है कैंसर का रिस्क

तंबाकू का किसी भी रूप में सेवन करना कैंसर की आशंका को बहुत बढ़ा देता है। इस बारे में मैनेजिंग डायरेक्टर-कैंसर हीलर सेंटर **डॉ. तरंग कृष्णा** कहते हैं, 'तंबाकू शरीर में कैंसर पैदा करने वाले सबसे बड़े कारणों में से एक माना जाता है। सिगरेट, बीड़ी, गुटखा, पान मसाला, जर्दा या किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन शरीर की कोशिकाओं को धीरे-धीरे नुकसान पहुंचाता है। लंबे समय तक तंबाकू का सेवन करने से मुंह, गले, जीभ, फेफड़े, भोजन नली, पेट और ब्लैडर कैंसर का खतरा काफी बढ़ जाता है। कई बार लोग सिर्फ स्मोकिंग को ही खतरनाक मानते हैं, लेकिन बिना धुएं वाले तंबाकू उत्पाद भी उतने ही नुकसानदायक होते हैं। मुंह में लंबे समय तक तंबाकू रखने से सफेद दाग, छाले, मुंह कम खुलना और बार-बार घाव होना जैसे शुरूआती संकेत दिखाई दे सकते हैं, जिन्हें लोग अकसर नजरअंदाज कर देते हैं। यही छोटे लक्षण आगे चलकर गंभीर कैंसर का रूप ले सकते हैं। चिंता की बात यह है कि आज युवाओं और कम उम्र के लोगों में भी तंबाकू से जुड़े कैंसर तेजी से बढ़ रहे हैं। अगर शुरूआती स्टेज में बीमारी पकड़ में आ जाए तो इलाज की संभावना बेहतर रहती है, लेकिन देर होने पर स्थिति गंभीर हो सकती है। इसलिए किसी भी असामान्य लक्षण को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और समय-समय पर जांच करानी चाहिए। सबसे जरूरी बात यह है कि तंबाकू छोड़ने के बाद शरीर खुद को धीरे-धीरे रिपेयर करना शुरू कर देता है और कैंसर समेत कई गंभीर बीमारियों का खतरा कम होने लगता है।'



### तंबाकू छोड़ना है जरूरी

अगर आप किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन करते हैं तो न भूलिए कि आप यहां बताई गई खतरनाक बीमारियों के शिकार हो सकते हैं। ऐसे में तंबाकू सेवन छोड़ने का फैसला आपके जीवन का सबसे बड़ा और सकारात्मक कदम हो सकता है। तंबाकू छोड़ने के कुछ ही समय बाद शरीर में अच्छे बदलाव दिखने शुरू हो जाते हैं। धीरे-धीरे फेफड़ों और हार्ट पर पड़ने वाला दबाव कम होने लगता है और गंभीर बीमारियों का खतरा भी घटने लगता है। तंबाकू छोड़ने से शरीर ज्यादा सक्रिय महसूस करता है, सांस लेने में आसानी होती है और व्यक्ति मानसिक रूप से भी बेहतर महसूस करता है। हालांकि लंबे समय से तंबाकू सेवन करने वाले लोगों के लिए यह आदत छोड़ना आसान नहीं होता, लेकिन मजबूत इच्छाशक्ति, परिवार के सहयोग और सही सलाह से यह संभव है। नियमित व्यायाम, संतुलित भोजन, अच्छी नींद और तनाव कम करने वाली गतिविधियां तंबाकू की लत छोड़ने में काफी मदद कर सकती हैं। जरूरत पड़ने पर डॉक्टर या काउंसलर की मदद लेना भी फायदेमंद हो सकता है। *

### जागरूकता और संकल्प का दिन



**विश्व तंबाकू** निषेध दिवस केवल जागरूकता फैलाने का अभियान नहीं, बल्कि लोगों को स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करने का अवसर भी है। यह दिन समाज को यह संदेश देता है कि तंबाकू से दूरी बनाकर कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। खासतौर पर युवाओं को तंबाकू की लत से बचाने के लिए परिवार, स्कूल और समाज को मिलकर काम करने की जरूरत है। अगर सही समय पर लोग इस आदत से दूरी बना लें, तो वे अपने साथ-साथ अपने परिवार को भी बेहतर और स्वस्थ भविष्य दे सकते हैं।

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

अवेयरनेस

**डॉ. मोहसिन वली**
सीनियर फिजिशियन
सर गंगा राम अस्पताल, दिल्ली

इन दिनों अफ्रीका के कांगो, सुडान और युगांडा देशों में इबोला वायरस संक्रमण की खबरें आ रही हैं। यह जानलेवा संक्रामक रोग है। हालांकि अपने देश में अभी इसका कोई मामला नहीं आया है लेकिन इस बारे में सही जानकारी और सावधानी बरतना जरूरी है।

## इबोला वायरस का संक्रमण सही जानकारी-सावधानी है जरूरी



इबोला वायरस का बुंडी बुग्यो स्ट्रेन बेहद संक्रामक और घातक है, जिसके चलते अफ्रीका के कुछ देशों में सैंकड़ों लोग संक्रमित ही नहीं, मौत का शिकार भी हुए हैं। हालात की गंभीरता को देखते हुए डब्ल्यूएचओ ने अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य नियमों के तहत इसे ग्लोबल पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी ऑफ इंटरनेशनल कंसर्न घोषित किया है। यानी यह लोगों की सेहत से जुड़ी ऐसी इमरजेंसी है, जिस पर पूरी दुनिया को तुरंत ध्यान देने की जरूरत है।

**सरकार ने जारी किए निर्देशः** हालांकि भारत में फिलहाल इबोला का कोई प्रकोप नहीं है, लेकिन बढ़ते खतरे को देखते हुए भारत सरकार ने भी अफ्रीका के कांगो, युगांडा और साउथ सूडान देशों को हाई रिस्क कंट्री की कैटेगरी में रखा है। अंतरराष्ट्रीय यात्रा और वैश्विक संपर्क के कारण सतर्कता बढ़ा दी है। एयरपोर्ट्स पर स्क्रीनिंग, संदिग्ध यात्रियों की निगरानी और स्वास्थ्य विभागों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सरकार ने देश के नागरिकों को हालात सामान्य होने तक इन देशों की गैर-जरूरी यात्रा न करने की भी अपील की है।

**क्या है इबोला वायरसः** अफ्रीकी देशों में पाया जाने वाला जानलेवा और यह बेहद संक्रामक ऑर्थोवायरस है। सन् 1976 में पहली बार पहचाने गए इबोला वायरस के अब तक कुल पांच मुख्य स्ट्रेन आए हैं। इनमें से बुंडी बुग्यो भी एक है जो इन दिनों कांगो और युगांडा में कहर बरपा रहा है। इबोला वायरस संक्रमित व्यक्ति के शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर देता है, रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाता है, जिससे शरीर में ब्लीडिंग और ऑर्गन फैलियर होने लगते हैं। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के मुताबिक इबोला वायरस से संक्रमित मरीजों में औसतन 50 प्रतिशत की मौत हो सकती है। इसलिए वैश्विक स्वास्थ्य के लिए चिंता का विषय है।

**कैसे फैलता है वायरसः** इबोला वायरस इंसानों और प्राइमेट्स (जैसे चिंपैंजी और गोरिल्ला) को अपना शिकार बनाता है। यह वायरस डायरेक्ट कॉन्टेक्ट यानी संक्रमित व्यक्ति के बॉडी फ्ल्यूड के संपर्क में आने से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है जैसे- रक्त, आंसू, पेशाब, पसीना, लार, उल्टी, मल-मूत्र, वीर्य और सेक्सुअल इंटरकोर्स, कई मामलों में ब्रेस्ट मिल्क से भी। इसके अलावा संक्रमित कपड़े, बिस्तर और दूसरे सामान छूने से भी इबोला वायरस का इंफेक्शन हो सकता है।

**इन्क्यूबेशन पीरियडः** बुंडी बुग्यो इबोला वायरस शरीर में पहुंचने के बाद बीमारी के लक्षण दिखने में 2-21 दिन तक लग सकते हैं। जब तक संक्रमित व्यक्ति में लक्षण नजर नहीं आते, तब तक वह बीमारी नहीं फैलाता।

**प्रमुख लक्षणः** शुरुआत में इसके लक्षण सामान्य बुखार जैसे लग सकते हैं, लेकिन धीरे-धीरे यह शरीर के कई अंगों को प्रभावित कर सकता है। पहले हल्का फिर तेज बुखार, थकान, बेचैनी, कमजोरी, मसल्स क्रैंप, बदन दर्द, सिर दर्द, गला खराब या खराश होना। संक्रमण बढ़ने पर किडनी-लिवर फंक्शन प्रभावित होता है। जिससे मरीज को उल्टी, डायरिया, पेट दर्द, त्वचा में रैशेज या जॉन्डिस होना, आंखों में लालिमा, सांस लेने में कठिनाई हो सकती है। एडवांस या गंभीर स्थिति में शरीर के आंतरिक और बाहरी ब्लीडिंग हो सकती है। आंखों में ब्लीडिंग होने से सडेन लॉस ऑफ विजन हो सकता है, रैटिनल हैमरेज हो सकता है। यूरिन में ब्लड आ सकता है यानी हैमिचुरया हो सकता है। इंजेक्शन लगाने वाली जगह से, मसूड़ों से, उल्टी या मल में भी ब्लड आ सकता है। लिवर फेलियर, किडनी फेलियर या मल्टी-ऑर्गन फेलियर की वजह से मरीज की मौत भी हो सकती है। संक्रमण के लक्षण सामान्य बुखार से मिलते-जुलते होते हैं। इसीलिए इसे पहचानना मुश्किल होता है। किसी क्षेत्र में संक्रमण आउटब्रेक चल रहा हो, तो मरीज का इबोला संक्रमित होने के अंदेशे और लक्षणों के आधार पर पहचाना जा सकता है।

**कैसे होता है डायग्नोजः** मरीज का फिजिकल एग्जामिनेशन किया जाता है। लक्षणों पर गौर कर आरटीपीसीआर टेस्ट से होती है। ब्लड प्लेटलेट्स कम हो सकते हैं। आईजीजी, आईजीएम टेस्ट भी किए जाते हैं।

**कैसे होता है उपचारः** इबोला के लिए कोई विशेष इलाज नहीं है। मेडिकल इंटरवेंशन से मरीज को आइसोलेट करके मैनेज किया जाता है। मरीज की स्थिति के हिसाब से एंटीबायोटिक दवाइयां दी जाती हैं। मरीज को जाइरेनसी ऑर्थो-इबोला वैक्सीन भी दी जा सकती है, जो एफडीए प्रूव है और इबोला स्ट्रेन के उपचार में काफी प्रभावी है। इबोला संक्रमण होने की स्थिति में आम तौर पर सपोर्टिव केयर की जाती है। डिहाइड्रेशन या मरीज के शरीर में पानी की कमी पूरी करने के लिए मुंह या फिर नसों के जरिए लिक्विड दिए जाते हैं। फेफड़ों को नुकसान होने पर सांस लेने में दिक्कत होने की स्थिति में ऑक्सीजन दी जाती है। चेस्ट इंफेक्शन होने पर एंटीबायोटिक मेडिसिन दी जाती हैं। लो ब्लडप्रेशर को मेंटेन करने के लिए फ्ल्यूड दिए जाते हैं। *




**प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा**

### कैसे करें बचाव



**इससे बचाव** के इन उपायों पर अमल करें।

- संक्रमित व्यक्ति के बॉडी फ्ल्यूड से बचें।
- सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करें। एक-दूसरे से दूरी बनाकर रखें।
- हाथ न मिलाएं। मास्क पहनें।
- संक्रमित व्यक्ति की वस्तुओं को छूते समय एहतियात बरतें। यथासंभव ग्लव्स पहनें या अच्छी तरह हाथ धोएं।
- अगर किसी बच्चे को संक्रमण हो रहा है, तो मां के पास ही रखें, दूसरे लोगों के पास न जाने दें।
- संक्रमित व्यक्ति कफ-एटीकेट, हैंडवॉश प्रोटोकॉल अपनाएं।
- जंगली जानवरों के संपर्क से बचें। कच्चे मांस का सेवन बिल्कुल न करें।
- स्वास्थ्यकर्मी पर्सनल प्रोटेक्टिव गेयर यानी पीपीई किट (दस्ताने, मास्क और सुरक्षात्मक कपड़े) पहनें।
- इबोला संक्रमित मृत व्यक्ति का अंतिम संस्कार करते हुए पूरी एहतियात बरतें क्योंकि विशेषज्ञ मानते हैं कि मृत शरीर भी संक्रामक होता है।
- इबोला वायरस के लक्षणों के प्रति सतर्क रहें। किसी भी तरह की आशंका हो तो यथाशीघ्र डॉक्टर को कंसल्ट करें।

प्रिकॉशन

**ललिता गोयल**

हेल्थ कॉन्शस लोग वर्कआउट करना कभी स्किप नहीं करते हैं। अगर आप भी ऐसे लोगों में से हैं तो भीषण गर्मी के इन दिनों में जिम वर्कआउट करने के दौरान कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें। ऐसा न करने पर आपकी तबियत बिगड़ सकती है।

## समर सीजन में जिम वर्कआउट रखें जरूरी बातों का ध्यान

आजकल फिट रहने के लिए बहुत से यंगस्टर्स जिम ज्वाइन करते हैं। लेकिन गर्मी के मौसम में जिम जाने वालों को कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए क्योंकि इस दौरान डिहाइड्रेशन से लेकर थकान और इंफेक्शन की आशंका रहती है। एक्सरसाइज करने से जरूरत से ज्यादा पसीना आता है, जिससे शरीर से बदबू आती है और अत्यधिक गर्मी से सेहत के बिगड़ने का खतरा रहता है।

**सावधानी बरतना है जरूरीः** जिम इंस्ट्रक्टर राहुल के अनुसार, 'गर्मी में शरीर का तापमान पहले से ही ज्यादा होता है और वर्कआउट करने पर पसीना ज्यादा बहता है, जिससे डिहाइड्रेशन का रिस्क बढ़ सकता है। इसलिए अगर जिम जाने से पहले तैयारी न की जाए, तो व्यक्ति को चक्कर आना या कमजोरी हो सकती है।' गर्मी के इस मौसम में बिना तैयारी के जिम जाना फायदे की जगह नुकसान कर सकता है। इसलिए फिटनेस के लिए जिम जाने से पहले हर किसी को कुछ खास सावधानियां बरतना बहुत जरूरी है।

**पहले भरपूर पानी पिएंः** जिम करने के दौरान पसीने के साथ नमक भी निकलता है इसलिए जिम जाने से 30-60 मिनट पहले कम से कम 1-2 गिलास पानी जरूर पिएं। सादे पानी की जगह नीबू पानी, नारियल पानी या इलेक्ट्रोलाइट्स पीकर जाएं। एक्सरसाइज के दौरान भी बीच-बीच में पानी के घूंट लेते रहें। सबसे जरूरी है कि वर्कआउट के बाद शरीर को रीहाइड्रेट जरूर करें। जिम के बाद लोग नारियल पानी या इलेक्ट्रोलाइट ड्रिंक्स भी लिए जा सकते हैं।





**मौसम के अनुसार ड्रेस पहनेंः** इस मौसम में पसीना बहुत आता है और अगर कपड़े सही न हों, तो पसीने से इंफेक्शन भी हो सकता है, इसलिए गर्मियों में शरीर को ठंडा रखने के लिए वर्कआउट करने से पहले कॉटन या ड्राई-फिट कपड़े पहनें, जो पसीना सोख सकें और शरीर को ठंडा रखें। जिम में नायलोन जैसे फैब्रिक की ड्रेस पहनने से बचें।

**डाइट का ध्यान रखेंः** गर्मी में लोगों को जिम जाने से पहले अपनी डाइट पर भी ध्यान देना चाहिए। प्रीवर्कआउट मील हल्का और एनर्जी देने वाला होना चाहिए। इसके लिए डाइट में फल, ओट्स, केला या ड्राई फ्रूट्स शामिल किए जा सकते हैं। इससे गर्मी में भी वर्कआउट के दौरान एनर्जी बनी रहती है। इसके अलावा जिम जाने से ठीक पहले कॉफी या चाय न पिएं, क्योंकि इससे शरीर में पानी की कमी हो सकती है। कार्बोनेटेड ड्रिंक्स पीने से भी परहेज करें क्योंकि इनसे पेट फूलने और एसिडिटी होने की दिक्कत हो सकती है। डेयरी प्रोडक्ट्स के बहुत ज्यादा सेवन से भी परहेज करें। जिम जाने वालों में यह डिस्कंफर्ट और दस्त की वजह बन सकता है।

**सही समय चुनेंः** गर्मियों में दोपहर में 12 से 4 बजे के बीच गर्मी अपने चरम पर होती है और ऐसे में अगर इंटेंस वर्कआउट किया जाए तो इससे डिहाइड्रेशन होता है और दिल पर भी असर पड़ता है। इसीलिए गर्मियों में दोपहर को जिम में वर्कआउट बिल्कुल न करें। गर्मियों में सुबह या फिर शाम के समय ही वर्कआउट करना चाहिए।

**रखें ध्यानः** अगर चक्कर आए, सिरदर्द या ज्यादा थकान महसूस हो रही है, तो जिम जाने से बचना चाहिए, क्योंकि गर्मी की वजह से शरीर पहले से ही डिहाइड्रेट होता है, ऐसे में जिम में पसीना बहाना जोखिम भरा हो सकता है। गर्मियों में मांसपेशियों में ऐंठन का खतरा होता है, इसलिए शुरू में 5-10 मिनट का हल्का वार्म-अप बहुत जरूरी है। वर्कआउट की स्पीड कम रखें। गर्मियों में भारी वजन उठाने की जगह हल्के वजन से प्रैक्टिस करें। हर सेट के बाद थोड़ा समय आराम जरूर कर लें, लगातार एक्सरसाइज न करें। इससे ताप कंट्रोल रहेगा। ऐसे जिम में वर्कआउट करें, जहां कूलिंग की अच्छी सुविधा हो। *

## खबर संक्षेप

### हिमाचल के राज्यपाल से मिले पूर्व गवर्नर प्रो. गणेशी लाल

**सिरसा।** ओडिशा के पूर्व राज्यपाल प्रोफेसर गणेशी लाल ने लोक भवन, शिमला में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविंद्र गुप्ता से एक शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान दोनों वरिष्ठ नेताओं के बीच बेहद सौहार्दपूर्ण माहौल में बातचीत हुई। लोक भवन पहुंचने पर हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविंद्र जी गुप्ता ने ओडिशा के पूर्व राज्यपाल प्रोफेसर गणेशी लाल जी का स्वागत किया। उन्होंने हिमाचली संस्कृति और परंपरा के अनुसार प्रो. गणेशी लाल को हिमाचली टोपी पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

### मनीष बने अखिल अग्रवाल महासभा के प्रदेशाध्यक्ष

**सिरसा।** अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा के जिला प्रधान मनीष कुमार गुप्ता को अब प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। अपनी नियुक्ति के लिए मनीष कुमार गुप्ता ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश अग्रवाल, महामंत्री रमेश कुमार जैन सहित संगठन के तमाम पदाधिकारियों व सदस्यों का आभार जताया। गुप्ता ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है, उसे पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाने का प्रयास करूंगा। संगठन के सेवा कार्यों को और विस्तार देने का प्रयास किया जाएगा।

### अरूट महाराज का जन्मदिवस 30 मई को

**सिरसा।** श्री अरूट महाराज का जन्मदिवस 30 मई को खाजाखेड़ा रोड स्थित एवीआई पब्लिक स्कूल के प्रांगण में धूमधाम से मनाया जाएगा। सभा के सचिव अश्विनी खन्ना ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता एवीआई पब्लिक स्कूल की चेयरपर्सन सुनीता सेतिया करेंगी। उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम स्कूल प्रांगण में हवन यज्ञ होगा। इसके बाद प्रसाद वितरण कार्यक्रम होगा। उन्होंने बताया कि अरोड़वंश चौक का नवीनीकरण कार्य जोर-शोर से चल रहा है। इसीलिए इस बार कार्यक्रम एवीआई पब्लिक स्कूल में आयोजित किया जाएगा।

### पुलिस ने हेरोइन सहित दो युवक दबोचे

**सिरसा।** पुलिस ने रोडी क्षेत्र से दो युवकों को हजारों रुपए की 7 ग्राम 7 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान सुरतिया रोड नहर पुल से रोडी की तरफ जा रही थी। इस दौरान पुलिस जब सुरतिया रोड नहर पुल के पास पहुंची तो सामने की तरफ से दो युवक पैदल आते दिखाई दिए। सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर युवकों ने अचानक वापस मुड़कर भागने का प्रयास किया तो पुलिस ने उन्हें दबोच लिया।

### घटती बेटियों की संख्या एक गंभीर समस्या

**सिरसा।** गांव दड़बी में घटते लिंगानुपात को लेकर बैठक हुई, जिसमें डा. प्रियंका, एल एच वी सरिता गोयल, स्वास्थ्य कर्मचारी, राजेश सिंधु, सतीश कुमार, सोनू फुटेला, रामरखी, सरपंच राम स्वरूप, पंच, सभी आंगनबाडी व आशा वर्कर, मेडिकल संचालक मौजूद रहे। सभी सदस्यों ने लिंगानुपात में सुधार के लिए अपने-अपने सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि गिरता लिंगानुपात गंभीर चिंता का विषय है।

## 18 पेड़ काटे, पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली समेत आरोपियों को हिरासत में लिया

# सरकारी पेड़ों पर चली कुल्हाड़ी रोकने पहुंचे वनकर्मियों से मारपीट





टोहाना। अवैध रूप से काटे गए पेड़ व ट्राली पर लदी लकड़िया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

टोहाना में सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और वन विभाग के कर्मचारियों पर हमला करने का एक मामला सामने आया है। टोहाना डीआरडी मनियाना रोड पर नहर पुल से चंडीगढ़ रोड के किनारे लगे 18 सरकारी सफेदे के पेड़ों को चोरी की नीयत से काट दिया गया। जब वन विभाग की टीम ने आरोपियों को रोकने की कोशिश की, तो उनके साथ गाली-गलौज और हाथापाई की गई। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ सरकारी ड्यूटी में बाधा डालने और चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। वहीं, इस पूरे घटनाक्रम में एक स्थानीय भाजपा नेता के बेटे का नाम सामने आने से राजनीतिक गलियारों में भी हलचल तेज हो गई है। पुलिस को दी गई शिकायत में वन खंड अधिकारी टोहाना सुरेंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि मनियाना रोड से चंडीगढ़ रोड के बीच सरकारी पेड़ों की अवैध कटाई चल रही है। सूचना मिलते ही वन खंड अधिकारी सुरेंद्र सिंह, वन रक्षक सोहन लाल बीट इंचार्ज और श्रमिक बलवान के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। वहां दो युवक रजवाहे के किनारे लगे पेड़ों को काट रहे थे। जब वन विभाग की टीम ने उनसे पूछताछ की, तो उन्होंने अपनी पहचान अमन और नरेश निवासी राजगढ़ डोभी, जिला जींद के रूप में दी। दोनों ने खुलासा किया कि वे टोहाना के एक आरा मशीन संचालक प्रिंस पुत्र सतीश कुमार के कहने पर इन पेड़ों को काट रहे थे। वन खंड अधिकारी सुरेंद्र सिंह के अनुसार जब हमने दोनों युवकों को सरकारी पेड़ काटने से मना किया, तो वे भड़क गए। उन्होंने हमारे साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और सरकारी ड्यूटी में बाधा डालते हुए हाथापाई पर उतारू हो गए। स्थिति बिगड़ती देख वन विभाग के अधिकारियों ने तुरंत डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। मौके से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली भी जब्त की गई है।

### भाजपा नेता के बेटे का नाम आने से गरमाया माहौल

इस मामले ने उस वक्त राजनीतिक तूल पकड़ लिया जब जांच के दौरान इसमें स्थानीय भाजपा नेता एवं टोहाना नगर परिषद के अध्यक्ष नरेश बंसल के बेटे दीपक का नाम सामने आया। हालांकि, पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर में दीपक का नाम शामिल नहीं है। फिलहाल टोहाना पुलिस ने वन खंड अधिकारी की शिकायत पर आरोपी अमन, नरेश और प्रिंस के खिलाफ सरकारी पेड़ों की चोरी, वन विभाग के कर्मचारियों के साथ हाथापाई और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और इसमें संलिप्त किसी भी अन्य व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। कटी हुई लकड़ी और ट्रैक्टर-ट्रॉली को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

### पर्यावरण मित्र नवजोत ढिल्लो की शिकायत पर एक्शन

पर्यावरण मित्र एवं सहारा रेस्क्यू टीम टोहाना के सदस्य नवजोत सिंह ढिल्लों ने बताया कि जब उन्हें इस अवैध कटाई की सूचना मिली तो उन्होंने तुरंत मौके पर पहुंचकर 112 डायल पुलिस तथा वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलने पर वन विभाग के दरोगा सुरेंद्र मौके पर पहुंचे। मौके पर देखा गया कि करीब 9 पेड़ों को काटा जा चुका था। कुछ पेड़ मौके पर कटे पड़े थे जबकि कुछ लकड़ी ट्रैक्टर में भरकर ले जाई जा रही थी। मौके पर 7-8 व्यक्ति मौजूद थे, जिनमें से कई आरोपी फरार हो गए। हालांकि मौके से दो व्यक्तियों को पकड़ लिया गया तथा लकड़ी से भरा ट्रैक्टर भी कब्जे में लिया गया। नवजोत सिंह ढिल्लों ने बताया कि कुछ दिन पहले भी इसी स्थान से पेड़ों को काटकर ले जाया गया था। उन्होंने कहा कि टोहाना क्षेत्र में लगातार अवैध कटाई हो रही है और सैकड़ों पेड़-पौधे काटे जा चुके हैं, जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने प्रशासन और वन विभाग से मांग की कि इस पूरे मामले की गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।



रतिया। शिविर में चिकित्सकों के साथ एएसपी दिव्यांशी सिंगला।

## रतिया में पुलिस कर्मियो के लिए लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

- ब्लड प्रेशर, शुगर, हृदय संबंधी जांच की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

एएसपी दिव्यांशी सिंगला के मार्गदर्शन में सदर थाना परिसर में पुलिस कर्मचारियों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर का आयोजन सर्वेश हॉस्पिटल की चिकित्सकीय टीम के सहयोग से किया गया, जिसमें पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। चिकित्सकीय टीम में डॉ. अंकुश सिवाच, मुकेश फार्मासिस्ट, राजबीर व रवि मोहन शामिल रहे। शिविर में सदर थाना, विभिन्न पुलिस चौकियों तथा शहर थाना के कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान पुलिस कर्मियों का ब्लड प्रेशर, शुगर, हृदय संबंधी जांच सहित सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए तथा आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध करवाई गई।

### नियमित जांच जरूरी

एएसपी दिव्यांशी सिंगला ने कहा कि पुलिस कर्मचारी कठिन परिस्थितियों में लगातार ड्यूटी निभाते हैं, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। ऐसे में नियमित स्वास्थ्य जांच और संतुलित जीवनशैली बेहद जरूरी है। उन्होंने कर्मचारियों को नियमित व्यायाम, संतुलित आहार व समय-समय पर चिकित्सकीय जांच करवाने के लिए प्रेरित किया। शिविर के सफल आयोजन में सदर थाना प्रभारी प्रहलाद राय का विशेष योगदान रहा। उन्होंने कहा कि स्वस्थ पुलिस बल ही बेहतर ढंग से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकता है।

## टोहाना के दुर्गा महिला महाविद्यालय कमेटी चुनाव का शेड्यूल जारी, 11 पदों के लिए होगा चुनाव

**फतेहाबाद।** टोहाना में श्री दुर्गा महिला महाविद्यालय कमेटी के चुनाव का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। चुनाव अधिकारी, अधिवक्ता केवल कृष्ण सिंगला ने बताया कि पूरी चुनाव प्रक्रिया कॉलेज परिसर में ही संपन्न होगी। शेड्यूल के अनुसार, 1, 2 और 3 जून को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन फॉर्म भरे जाएंगे। 4 जून को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी होगी, जबकि 5 और 6 जून को नाम वापसी का समय निर्धारित किया गया है। मतदान 21 जून 2026 को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक दुर्गा महिला कैंपस में होगा। चुनाव अधिकारी ने जानकारी दी कि इस बार कुल 11 पदों पर चुनाव करवाया जा रहा है। इनमें प्रेसिडेंट, वाइस प्रेसिडेंट, सेक्रेटरी, जॉइंट सेक्रेटरी और कैशियर सहित 5 प्रमुख सदस्य शामिल हैं।

## दिग्विजय चौटाला कल रतिया और टोहाना के गांवों का करेंगे दौरा

**फतेहाबाद।** जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला आगामी 29 मई को जिले की रतिया और टोहाना विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा करेंगे। वे पार्टी के युवा प्रदेशव्यापी जन-जन अभियान के तहत शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे और लोगों से सीधा संवाद साधेंगे। इस बात की जानकारी देते हुए जजपा के युवा जिला अध्यक्ष जतिन खिलेरी ने बताया कि दिग्विजय चौटाला के इस दौरे को लेकर कार्यकर्ताओं और आमजन में भारी उत्साह है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और साथियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार युवक।

जिला पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने विदेश में पढ़ाई के लिए एजुकेशन लोन पास करवाने के नाम पर लाखों रुपये का फ्रॉड करने वाले गिरोह के मुख्य सरगना को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए आरोपी की पहचान हुकूमत राय उर्फ अजय मेहरा निवासी गांधी डेयरी के पास, डीएसपी रोड, फतेहाबाद के रूप में हुई है। इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक संदीप ने बताया कि गांव भूथन खुर्द निवासी विनोद कुमार ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, आरोपी अजय मेहरा ने पीड़ित की बेटी को विदेश भेजने के लिए 35 लाख रुपये का एजुकेशन लोन पास करवाने का झांसा दिया था। आरोपी ने फाइल प्रोसेसिंग और एडवांस फीस के नाम पर पीड़ित से 71,500 ठग लिए।

## बच्चों को नदी व तालाबों में स्नान करने से रोकें अभिभावक: एसपी

**सिरसा।** गर्मी के मौसम को देखते हुए जिला प्रशासन एवं सिरसा पुलिस ने आमजन की सुरक्षा के मद्देनजर जिला सिरसा से होकर गुजरने वाली सभी नहरों व तालाबों में नहाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन में आमजन की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत तत्काल प्रभाव से लागू किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने बताया कि पिछले वर्षों में नहरों में डूबने से कई लोगों की मृत्यु हो चुकी है। तेज बहाव और अधिक गहराई के कारण छोटी सी लापरवाही भी गंभीर हादसे का कारण बन सकती है।

## नौतपा का कहर: 45 डिग्री तापमान से जनजीवन बेहाल, कल से बदलेगा मौसम

### गर्मी के मौसम में सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नौतपा शुरू होते ही गर्मी ने प्रचंड रूप अख्तियार कर लिया है। हालात यह है कि सुबह 7 बजे से लेकर शाम 7 बजे तक तीखी धूप से दो-चार होना पड़ रहा है। दरअसल सूरज की रोशनी इतनी तेज पड़ रही है, जिससे आंखें चुंधिया जाती है। यहां का अधिकतम तापमान 45 डिग्री के बीच पहुंच गया है वहीं न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। देर शाम तक गर्म हवाएं चलने से रात का तापमान 3 डिग्री बढ़ गया है। दिन के बाद रात में भी गर्म हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग ने 29 मई को पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम बदलने की भविष्यवाणी कर रखी है। मौसम विभाग का कहना है कि 29 मई से 5 जून तक प्री मानसून की बारिश के भी आसार है। लगातार बढ़ रही गर्मी और हीट वेव को देखते हुए जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है।

### अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचें



डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि आमजन की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और गर्मी के मौसम में सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचें। उन्होंने कहा कि नागरिक नियमित रूप से मौसम पूर्वानुमान की जानकारी लेते रहें और शरीर को हाइड्रेट बनाए रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें, भले ही प्यास महसूस न हो।

## नई फिनफिश हैचरी स्थापना पर मिलेगा 60 प्रतिशत तक अनुदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सरकार द्वारा मत्स्य पालन को बढ़ावा देने और किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) के तहत ताजे पानी में नई फिनफिश हैचरी स्थापित करने पर अनुदान प्रदान किया जा रहा है। यह एक केंद्रीय प्रायोजित योजना है, जिसके माध्यम से मत्स्य किसानों को आधुनिक तकनीक आधारित हैचरी स्थापित करने के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। योजना के तहत नई फिनफिश हैचरी की स्थापना के लिए प्रति यूनिट 25 लाख रुपये की इकाई लागत निर्धारित की गई है। सामान्य वर्ग के लाभार्थियों को इकाई लागत पर 40 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा, जबकि अनुसूचित जाति एवं महिला लाभार्थियों को 60 प्रतिशत तक अनुदान का लाभ मिलेगा। योजना का लाभ लेने के लिए परिवार पहचान पत्र होना अनिवार्य है।

### जरूरी शर्तें

मीठे पानी की फिनफिश हैचरी की न्यूनतम क्षमता 15 मिलियन फ्राई प्रति वर्ष या 6 करोड़ स्पॉन प्रति वर्ष निर्धारित की गई है, जिसके लिए कम से कम 0.50 हेक्टेयर भूमि आवश्यक होगी। हैचरी का संचालन प्रशिक्षित एवं कुशल तकनीकी कर्मचारियों द्वारा किया जाना जरूरी होगा। योजना के अनुसार हैचरी में ब्रूडर तालाब, नर्सरी तालाब, पालन टैंक, छोटी प्रयोगशाला, बिजली एवं पानी की सुविधा सहित अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाएं होना अनिवार्य है। साथ ही लाभार्थी को केंद्रीय सहायता प्राप्त हैचरी से उत्पादित बीज किसानों को उचित एवं वहनीय मूल्य पर उपलब्ध करवाना होगा। जिला मत्स्य अधिकारी जगदीश चंद्र ने बताया कि लंबी अवधि के पट्टे पर ली गई भूमि पर स्थापित परियोजनाओं को भी योजना के तहत वित्तीय सहायता के लिए पात्र माना जाएगा, बशर्ते पट्टा अवधि कम से कम 10 वर्ष की हो।



### असाध्य रोगों में कारगर है योग पद्धति: नरेंद्र योगी

**सिरसा।** मुख्य डाकघर सिरसा में अंतराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर योग कार्यक्रम की तैयारी की गई। शहर के प्रसिद्ध योगाचार्य नरेंद्र योगी ने योग क्रियाएं करवाई। इस मौके पर नरेंद्र योगी ने कहा कि भारतीय योग पद्धति का पूरे विश्व ने लोहा माना है। योग न केवल हमें शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाता है, बल्कि मानसिक रूप से भी परिपक्व बनाता है। असाध्य रोगों का योग के माध्यम से उपचार किया जा सकता है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। इस अवसर पर मुख्य डाकपाल रामेहर यादव, उप डाकपाल अनिल कुमार, इंदु बाला, प्रोमिला, बंटी, रामनिवास, सुभाष, गुरजंट सिंह, गौरव कुमार, जितेश, संदीप आदि स्टाफ कर्मचारियों ने योग किया।

## घग्गर पुल के पास हेरोइन के साथ दो युवक गिरफ्तार

### पुलिस ने मुख्य सप्लायर समेत तीन पर मुकदमा किया दर्ज

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए थाना शहर रतिया पुलिस ने घग्गर नदी के पुल के पास से दो युवकों को 7.37 ग्राम हेरोइन के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में नशीले पदार्थ की सप्लाई करने वाले मुख्य आरोपी सहित तीन लोगों को नामजद किया है। थाना प्रभारी महिला निरीक्षक पुष्पा ने बताया कि एएसआई महेंद्र सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम बुढलाडा रोड क्षेत्र में गश्त पर तैनात थी। जब टीम घग्गर पुल के पास पहुंची, तो वहां मोटरसाइकिल के पास खड़े दो युवक संदिग्ध दिखाई दिए। इसी दौरान कार्रवाई की गई।

**नोटिस इश्तहार अखबार**

तारीख पेशी 4.06.2026

न्यायालय श्री सुनील कुमार तहसीलदार कम सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, डबवाली।

मोहन लाल बनाम राकेश कुमार

दरखास्त तकसीम भूमि

खेवट नम्बर 318,583 817,1354, 478, 584, 968,1460

बनाम

1.राकेश कुमार पुत्र करतार देवी पुत्री मोहकम चन्द 2. राजेश पुत्र प्रकाश देवी पुत्री मोहकम चन्द 3. शशि 4. निशा पुत्रियां प्रकाश देवी पुत्री मोहकम चन्द 5. रिश्व दत्तक पुत्र सुदर्शना देवी पुत्री मोहकम चन्द 6. कृष्णा देवी पुत्री मोहकम चन्द 7. सतीश कुमार पुत्र मोहकम चन्द 8. मदन लाल उर्फ औम प्रकाश पुत्र मोहकम चन्द 9. अमन कुमार पुत्र गुरबक्श कुमार 10. नीरज चुघ पुत्र चन्द्रमोहन पुत्र हुक्म चन्द 11. प्रीति चुघ पुत्री चन्द्रमोहन पुत्र हुक्म चंद 12. सुधा विधवा रमेश कुमार पुत्र मोहकम चंद 13. अंकित पुत्र रमेश कुमार पुत्र मोहकम चंद 14. वीणा पत्नी घनश्याम दास पुत्र हुक्म चन्द पुत्र सौदागर राम 15.अपूर्वा 16. नीना पुत्री घनश्याम दास पुत्र हुक्म चंद पुत्र सौदागर राम 17. रमेश कुमार पुत्र हुक्म चंद पुत्र सौदागर राम 18. सुभाष चंद पुत्र हुक्म चंद पुत्र सौदागर राम 19. दीपक 20. नितिन पुत्रान रेशमा कुमारी पुत्री हुक्म चंद पुत्र सौदागर राम 21. मीना कुमारी पुत्री हुक्म चंद पुत्र सौदागर राम 22. नीना कुमारी पुत्री हुक्म चंद पुत्र सौदागर राम 23.अनीता कुमारी पुत्री हुक्म चंद पुत्र सौदागर राम 24.सन्दीप कुमार पुत्र रामनारायण पुत्र राकेश राम 25.करण पुत्र सतपाल पुत्र राम नारायण 26.अंकुर चुघ पुत्र औम प्रकाश उर्फ भगवान दास पुत्र मदन लाल 27.राज कुमार पुत्र मेहरचंद्र पुत्र सौदागर 28. विजय कुमार पुत्र मेहरचंद पुत्र सौदागर 29.अजय कुमार पुत्र मेहरचन्द पुत्र सौदागर 30.अशोक कुमार पुत्र मेहर चन्द पुत्र सौदागर 31.लखविन्द्र कौर विधवा कर्म सिंह पुत्र ठाना सिंह 32. जगतार सिंह पुत्र कर्म सिंह पुत्र ठाना सिंह 33. मूर्ति पुत्री कर्म सिंह पुत्र ठाना सिंह सभी निवासीगण गांव लोहगढ़, तहसील डबवाली, जिला सिरसा।

प्रार्थीगण ने दरखास्त तकसीम किये जाने उक्त खेवटों की वाक्या गांव लोहगढ़, तहसील डबवाली, जिला सिरसा अनुसार जमाबन्दी वर्ष 2022-23 इस न्यायालय में दायर की है। उपरोक्त फरीकैन को नोटिस तामील साधारण ढंग से ना हो रही है। इसलिये इश्तहार नोटिस से सूचित किया जाता है कि अगर इस बारे किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार का उजर या एतराज की तो वह दिनांक 04.06.2026 को मेरे न्यायालय में असालतन या वकालतन हाजिर हो कर अपना जवाब दावा या एतराज पेश कर सकता है।अन्यथा बाद गुजरने मियाद कोई भी एतराज काबिले गौर न होगा और अदालत हाजिर न होने पर एकतरफा कार्यवाही अमल में ला दी जायेगी।

आज दिनांक 1.5.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय में मोहर सहित जारी किया गया।

हस्ता/- सहायक कलेक्टर, द्वितीय श्रेणी डबवाली।

## नायब तहसीलदार तबादले को लेकर धरने पर बैठी थी किसान युनियन

# किसानों ने 15 दिन के लिए टाली तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया




रतिया। तहसीलदार के कार्यालय का घेराव कर बाहर नारेबाजी करते हुए किसान।

नायब तहसीलदार तबादले को लेकर पिछले दो सप्ताह से धरने पर बैठे किसान यूनियन के सदस्यों द्वारा बुधवार को तहसील कार्यालय की तालाबंदी का कार्यक्रम जिला उपायुक्त के आश्वासन के बाद दो सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया है। जिला उपायुक्त ने किसान यूनियन के नेताओं को अपने कार्यालय में बुलाकर बातचीत की और समस्या के समाधान के लिए दो सप्ताह का समय मांगा। इसके बाद किसान यूनियन ने तालाबंदी का कार्य दो सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया है। हालांकि किसानों ने तहसील करने का घेराव कर कार्यालय के बाहर तहसील प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी भी की। जानकारी के अनुसार रतिया के नायब तहसीलदार पर भ्रष्टाचार और दुर्व्यवहार के आरोप लगाकर किसान यूनियन के सदस्य पिछले दो सप्ताह से धरने पर बैठे हुए हैं। आज यूनियन के सदस्य तहसील कार्यालय पर तालाबंदी के लिए इकट्ठा हुए। जैसे ही इसकी जानकारी जिला उपायुक्त के पास पहुंची तो जिला उपायुक्त ने तुरंत प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात करने के लिए संदेश भेजा, जिसके बाद कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राजविंदर चहल के नेतृत्व में प्रवक्ता राम जाट व अन्य सदस्य उपायुक्त से मिलने पहुंचे।

### कार्रवाई की दिया आश्वासन

*राम जाट ने बताया कि यूनियन के सदस्यों धरना शुरू की और बैठक में लिए के निर्णय के तहत तहसीलदार के कार्यालय पर तालाबंदी करने के लिए निकल गए थे लेकिन अचानक जिला उपायुक्त ने बातचीत करने के लिए बुला लिया था और उन्होंने 15 दिन तक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है जिसके बाद तालाबंदी का कार्य 15 दिन के लिए स्थगित कर दिया है अगर 15 दिन में नायब तहसीलदार का तबादला नहीं किया गया तो किसान यूनियन फिर से बड़ा आंदोलन करेगी।*

## देश में युवाओं का भविष्य सुरक्षित नहीं : सैलजा

हरिभूमि न्यूज. सिरसा

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने सीबीएसई परीक्षा प्रणाली पर सवाल उठाते हुए भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं का भविष्य आज पूरी तरह असुरक्षित हो चुका है। पहले पेपर लीक, फिर भर्ती घोटाले और अब उत्तर पुस्तिकाओं की जांच पर सवाल उठ रहे हैं। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। कुमारी सैलजा ने कहा कि समाचार पत्रों में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार 4 लाख से अधिक छात्रों ने 11 लाख से ज्यादा स्कैन कॉपियां मांगी हैं। छात्रों ने आरोप लगाए हैं कि धुंधली कॉपियां जांची गईं, कई पन्ने गायब मिले और कुछ मामलों में दूसरी कॉपियां तक अपलोड हो गईं। इससे साफ जाहिर होता है कि परीक्षा प्रणाली में गंभीर लापरवाही हो रही है और छात्र अपने ही भविष्य को लेकर असमंजस में हैं। सांसद ने कहा कि आज देश का युवा लगातार मानसिक दबाव में जी रहा है। एक तरफ बेरोजगारी चरम पर है, दूसरी तरफ सरकार की नीतियों और अव्यवस्थाओं के कारण युवाओं को हर कदम पर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पढ़ाई करने वाला छात्र नौकरी के लिए धक्के खा रहा है, लेकिन सरकार मस्त होकर केवल बड़े-बड़े भाषण देने में लगी हुई है।

## खबर संक्षेप

### जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जिला जेल का किया दौरा

**सिरसा।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष पुनीश जिंदिया तथा सीजेएम संतोष बागोतिया ने जिला जेल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जेल बंदियों और कैदियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने जेल परिसर का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने जेल की रसोई एवं अन्य बैरकों का निरिक्षण किया। उन्होंने कैदियों को दी जा रही निशुल्क कानूनी सहायता सुविधा की भी जानकारी दी।

### तंबाकू निषेध दिवस पर लगाया जाएगा शिविर

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर 30 मई को प्रातः 8 बजे नागरिक अस्पताल सिरसा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संतोष बागोतिया ने बताया कि शिविर का उद्देश्य लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि इस जागरूकता शिविर में रिटेनर अधिवक्ता राखी रानी एवं राजविंदर सिंह बतौर रिसोर्स पर्सन उपस्थित रहेंगे।

### स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति किया जागरूक

**सिरसा।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा वीरवार को रानियां बाजार स्थित रेडक्रॉस भवन में प्रोफेशनल प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों को स्वैच्छिक रक्तदान करने के प्रति जागरूक किया गया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सहायक सचिव गुरमीत सिंह सैनी ने बताया कि नागरिक अस्पताल सिरसा में उपचाराधीन गर्भवती महिलाओं, दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों तथा थैलेसीमिया रोगियों को निःशुल्क रक्त उपलब्ध करवाया जाता है।

### वरिष्ठ नागरिक करेंगे सोमनाथ मंदिर के दर्शन

**सिरसा।** हरियाणा सरकार द्वारा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत प्रदेश के पात्र वरिष्ठ नागरिकों को सोमनाथ मंदिर के दर्शन करवाए जाएंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम अनुसार आगामी 8 जून को कुरुक्षेत्र से सोमनाथ के लिए विशेष ट्रेन रवाना होगी, जिसे मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी झंडी दिखाएंगे। यह यात्रा बिल्कुल निशुल्क होगी। इच्छुक पात्र वरिष्ठ नागरिक 6 जून 2026 तक अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। पात्र परिवारों को पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर योजना का लाभ मिलेगा।

### स्टॉर्म वॉटर पाइपलाइन के रूट में बदलाव पर डीसी से मिला प्रतिनिधिमंडल

**सिरसा।** आढ़ती एसोसिएशन सिरसा के प्रधान प्रेम बजाज के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने अनाज मंडी के स्टॉर्म वॉटर पाइपलाइन के रूट में बदलाव करने को लेकर उपायुक्त को पत्र सौंपा। प्रेम बजाज ने उपायुक्त को बताया कि अनाज मंडी में जल निकासी की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए जो स्टॉर्म वॉटर पाइपलाइन दबाने की योजना बनाई गई है, उसे वर्तमान प्रस्ताव के अनुसार अनाज मंडी के मुख्य भाग के अंदर से ले जाया जाना तय हुआ है।

*पेयजल का दुरुपयोग करने वालों को थमाए नोटिस, अवैध सर्विस स्टेशनों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी*

# भिरड़ाना में अवैध कनेक्शनों पर चला विभाग का डंडा, पेयजल आपूर्ति सुधारने के लिए एक्शन तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव भिरड़ाना में पीने के पानी की समस्या के स्थाई समाधान को लेकर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने एक बड़ा और व्यापक अभियान शुरू किया है। दिशा की बैठक में सांसद कुमारी सैलजा को ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत और प्रशासनिक दिशा-निर्देशों के बाद विभाग की पूरी तकनीकी टीम धरातल पर उतर आई है। टीम ने गांव में पहुंचकर मुख्य पेयजल सप्लाई लाइन पर लगे अवैध और असुरक्षित कनेक्शनों को काटने की बड़ी कार्रवाई की है। इसके साथ ही जलघर की सफाई और पाइपलाइनों की लीकेज को ठीक करने का काम भी युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है, ताकि अंतिम छोर पर स्थित हर घर तक शुद्ध और पर्याप्त मात्रा में पानी पहुंचाया जा सके। विभाग के कार्यकारी अभियंता बलविंद्र नैन ने बताया कि हाल ही में ग्रामीणों द्वारा गांव में पेयजल संकट का मुद्दा उठाए जाने के बाद विभाग की विशेष टीम ने पूरे भिरड़ाना गांव का दौरा कर गहन जांच की थी। इस जांच में सामने आया कि कई स्थानों पर पेयजल सप्लाई लाइन पर अवैध और असुरक्षित तरीके से कनेक्शन किए गए थे। इन अवैध कनेक्शनों के कारण पानी का प्रेशर पूरी तरह ड्रॉप हो जाता था और गांव के अनेक घरों में पानी की सुचारू सप्लाई नहीं हो पा रही थी। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा ऐसे सभी अवैध कनेक्शनों को तुरंत प्रभाव से हटाने की कार्रवाई की जा रही है, साथ ही जिन वैध कनेक्शनों में तकनीकी खामियां मिली हैं, उन्हें भी ठीक करवाया जा रहा है।



**फतेहाबाद।** गांव भिरड़ाना में पानी के अवैध कनेक्शन काटने पहुंची विभाग की टीम।

### पूरे जिले की सभी पंचायतों में चलेगा

कार्यकारी अभियंता ने स्पष्ट किया कि उपायुक्त के निर्देशानुसार यह अभियान केवल एक गांव तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आने वाले दिनों में जिले की सभी ग्राम पंचायतों में असुरक्षित और अवैध पानी के कनेक्शनों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसी कड़ी के तहत भिरड़ाना गांव में विभाग द्वारा घर-घर जाकर विशेष चेकिंग की गई। इस दौरान जिन घरों में पानी के नल खुले पाए गए या जहां अनावश्यक रूप से पानी बहाकर उसकी बर्बादी की जा रही थी, उन्हें विभाग की ओर से नोटिस जारी किए गए हैं। इसके अलावा, विभागीय कर्मचारियों ने ऐसे घरों को भी चिन्हित किया है जहां नलों पर पानी बंद करने वाली टोटियां (टेप) नहीं लगी हुई हैं, ताकि वहां तुरंत टेप लगवाई जा सके।

### पीने के पानी से गाड़ियां धोने वाले सर्विस स्टेशनों पर होगी कार्रवाई

पेयजल की बर्बादी को रोकने के लिए विभाग ने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर भी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। विभाग के जिला सलाहकार शर्मा चंद लाली ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के साफ पानी से वाहन धोने वाले सर्विस स्टेशनों को तुरंत बंद किया जाए। उन्होंने कड़ी चेतावनी दी कि विभाग जल्द ही एक विशेष टीम का गठन कर ऐसे मामलों की औचक जांच करेगा और नियमों का उल्लंघन कर पानी बर्बाद करने वालों के खिलाफ भारी जुर्माना और सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### अंतिम छोर तक पानी पहुंचाना मुख्य उद्देश्य : एसडीओ

उपमंडल अभियंता भागी राम ने बताया कि इस विशेष अभियान के दौरान गांव में पानी की सभी छोटी-बड़ी लीकेज को चिन्हित किया जा रहा है, जिन्हें जल्द से जल्द ठीक करवा दिया जाएगा। विभाग का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जिन घरों तक अभी पानी नहीं पहुंच पा रहा है, वहां भी जल्द से जल्द नियमित और सुचारू सप्लाई बहाल हो सके। इस मौके पर विभाग की टीम के साथ कनिष्ठ अभियंता सुनील बिश्नोई, सरपंच प्रतिनिधि जसविंद्र, पंचायत सदस्य, बीआरसी मदन सैनी, डब्ल्यूपीओ विनोद कुमार सहित बलवान, गोपाल, विजय, रमेश, राकेश कुमार, मोनू व अन्य विभागीय कर्मचारी और गांव के गणमान्य लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## भीषण गर्मी में बढ़ी गंदगी और बीमारियों का खतरा

# सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से गांवों में सफाई व्यवस्था ठप, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की हड़ताल बुधवार को 13वें दिन भी जारी रहने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। भीषण गर्मी और 45 डिग्री तापमान के बीच गांवों में जगह-जगह गंदगी के ढेर लग गए हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा पैदा हो गया है। एक तरफ जहां कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर फतेहाबाद के बीडीपीओ कार्यालय में डेरा जमाए बैठे हैं, वहीं दूसरी तरफ गांवों की गलियों और नालियों की सफाई न होने से स्थिति बदतर होती जा रही है। इस बीच, आंदोलनकारी कर्मचारियों को अन्य संगठनों का भी समर्थन मिल रहा है। आज रिटायर्ड कर्मचारी राज्य कमेटी मेंबर जोगिंदर सिंह भ्याना, ब्लॉक सचिव हरकिशन लाल, ब्लॉक उपाध्यक्ष बलवीर सिंह इंस्पेक्टर और खेत मजदूर यूनियन के जिला प्रधान बलवीर सिंह आजाद ने धरना स्थल पर पहुंचकर सफाई कर्मियों की मांगों का समर्थन किया।



**फतेहाबाद।** बीडीपीओ कार्यालय पर धरना देते ग्रामीण सफाई कर्मचारी।

### पक्का करने की मांग

ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के नेताओं पवन कुमार, जगदीश नूरकी, हरपाल सिंह, बलबीर सिंह और बेगराज ने कहा कि 19 साल से कच्ची नौकरी की मार झेल रहे कर्मचारी मजबूर होकर सडक़ों पर हैं। सरकार ने मुख्यमंत्री द्वारा पहले की गई वेतन बढ़ोतरी की घोषणाओं को अब तक लागू नहीं किया है। कर्मचारी पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के 31 दिसंबर 2025 के आदेश को लागू करने और एक विशेष पॉलिसी बनाकर सभी ग्रामीण सफाई कर्मियों को पक्का करनेकी मांग कर रहे हैं। इसके अलावा कर्मचारियों की मांग है कि 400 की आबादी पर एक सफाई कर्मचारी की भर्ती हो और काम के औजारों के लिए मिलने वाले भत्ते को बढ़ाकर एक हजार रुपये मासिक किया जाए। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही वार्ता के जरिए उनकी जायज मांगों का समाधान नहीं किया, तो इस आंदोलन को और अधिक तेज किया जाएगा। धरने पर रामराज, पवन कुमार, अवतार, छोटूराम, गुलजारी, बंसी लाल, संजय कुमार, चानण सिंह, गुरदीप, सूबेसिंह, बिमला रानी और बाला देवी सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।



**चोपटा।** बीडीपीओ कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे ग्रामीण सफाई कर्मचारी।

### ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन

**चोपटा।** खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय नाथूसरी चौपटा के बाहर पिछली 15 मई से अपनी मांगों को मनवाने के लिए चल रहे आंदोलन को 31 मई तक आगे बढ़ा दिया है। नाथूसरी चौपटा खंड के सभी सफाई कर्मी पिछले 13 दिन से हड़ताल पर हैं। इन ग्राम पंचायतों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ठप्प और ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा की चौपटा इकाई के प्रधान राजकुमार, उप प्रधान भूप सिंह, कालूराम, अली मोहम्मद, धर्मपाल, कालूराम, दर्शन सिंह, पालाराम, हरिसिंह, हनुमान, रमेश ने बताया कि उन्होंने अपनी मांगों को लेकर पिछले 13 दिन से धरना प्रदर्शन शुरू किया हुआ है लेकिन सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। उन्होंने बताया कि उनकी मुख्य मांग कर्मचारियों को पक्का करने की है और जब तक सरकार पक्का नहीं करती उन्हें समान काम समान वेतन लागू करते हुए 26000 रुपए वेतनमान दिया जाए। इन्होंने बताया कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती उनका आंदोलन जारी रहेगा। 31 दिसम्बर 2025 को माननीय पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा दिये आदेश को लाग आदेश के मुताबिक सफाई कर्मियों को स्थाई कर्मचरी का दर्जा देकर सभी बकाया लाम। मुख्यमंत्री महोदय द्वारा 24 नवम्बर 2024 को 26000 रु मासिक वेतन दिए जाने की टुकड़ों में लागू करने की बजाए दिसम्बर 2024 से एकमुस्त लागू किया जाए तथा 1 ऐरियर सहित भुगतान किया जाए।

## न्यूज डायरी

### साढ़े नौ किलो चूरापोस्त सहित तीन आरोपी पकड़े

**सिरसा।** पुलिस ने गश्त व चेकिंग के दौरान गांव बणी क्षेत्र से कार सवार तीन युवकों को हजारों रुपये का करीब साढ़े नौ किलोग्राम चूरा पोस्त सहित काबू किया है । एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान सुरेवाला रोड़ गांव बणी क्षेत्र मे मौजूद थी । इस दौरान गांव बणी की तरफ से एक कार आती दिखाई दी। सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर चालक ने कार को अचानक वापस मोडक़र भागने का प्रयास किया। पुलिस ने शक के आधार पर कार सवार युवकों को काबू कर कार की तलाशी ली तो कार में रखें प्लास्टिक थैले से 9 किलो 400 ग्राम डोडा चूरा पोस्त बरामद हुआ।

### भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**सिरसा।** पंडित. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न हो गया है। जिला अध्यक्ष रेणु शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं को वैचारिक एवं संगठनात्मक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। दूसरे दिन योग, प्राणायाम एवं व्यायाम के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। डा. सतीश पूनियां ने बूथ प्रबंधन, मन की बात एवं एसआईआर विषयों पर चर्चा की। शिविर के समापन पर भाजपा आईटी विभाग द्वारा उपस्थित कार्यकर्ताओं की ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की गई तथा उन्हें डिजिटल प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

### जानलेवा हमला करने के दो और आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** घर में घुसकर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला करने और पीड़ित को जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित करने के मामले में टोहाना पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान कुलदीप सिंह निवासी गीता कॉलोनी, टोहाना और सोनू निवासी इंदिरा कॉलोनी, टोहाना के रूप में हुई है। डीएसपी टोहाना जयभगवान ने बताया कि गीता कॉलोनी निवासी पीड़ित संजीव का बीती 4 मार्च को ई-रिक्शा को लेकर कुलदीप सिंह के साथ विवाद हुआ था, जो उस समय सुलझ गया था। इसी रंजिश के चलते 7 मार्च की रात आरोपी कुलदीप, सोनू और उनके अन्य साथियों ने जबरन संजीव के घर में घुसकर उस पर ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे वह गंभीर रूप से लहूलुहान हो गया।

### धान की सीधी बिजाई पर प्रदेश के किसानों को मिलेगा 4500 रुपये प्रति एकड़ अनुदान

**सिरसा।** खरीफ सीजन 2026 के लिए हरियाणा सरकार द्वारा जिला सिरसा के किसानों को धान की सीधी बिजाई (डीएसआर) अपनाने पर 4500 रुपये प्रति एकड़ की अनुदान राशि प्रदान की जाएगी। कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ. सुखदेव सिंह ने बताया कि इस वर्ष जिला सिरसा को एक लाख 62 हजार एकड़ में धान की सीधी बिजाई का लक्ष्य दिया गया है, जिसे उपमंडल स्तर पर आवंटित कर दिया गया है। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में धान की सीधी बिजाई अपनाने की अपील करते हुए कहा कि इससे गिरते भू-जल स्तर को रोकने में काफी मदद मिलेगी।

### ग्राहक बनकर गल्ले से 12 हजार की नकदी चोरी

**कालांवाली।** दशमेश टैक्सी स्टैंड पर एक करियाणा स्टोर को चोरों ने अपना निशाना बनाया। चोर दुकान से लगभग 12 हजार रुपये की नकदी चोरी करके फरार हो गया। दुकान संचालक सुनील कुमार ने बताया कि घटना के समय वह और उनका बेटा किसी जरूरी काम से बाजार में गए हुए थे। जिसके चलते दुकान पर उनका भाई अनिल मौजूद था जोकि अधरंग से पीड़ित है और मानसिक तौर पर भी ठीक नहीं है। चोरी के इरादे से ग्राहक बनकर आए व्यक्ति ने दुकान पर बैठे उसके भाई से कुछ सामान मांगा ओर जब उसका भाई दुकान के अंदर से सामान लेने गया तो व्यक्ति ने मौका देखकर गल्ले में पडी नगदी चुरा कर भाग गया।

### फर्नीचर शोरूम से चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों से बरामद किए तीन एसी

**कालांवाली।** बस स्टैंड के पास स्थित एक फर्नीचर के शोरूम में लगे कर्मचारियों द्वारा योजनाबंद्ध तरीके से शोरूम से एसी चोरी करने के मामले को लेकर पुलिस द्वारा आरोपितों का तीन दिन का रिमांड लेने के बाद उनसे तीन एसी बरामद किए गए। चौकी प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि इस मामले में चार लोगों के नामजद हैं जिनमें से दो को गिरफ्तार कर लिया था और दो अन्य की तालाश के लिए छापेमारी की जा रही है। बता दें कि बस स्टैंड के पास स्थित जय दुर्गा फर्नीचर हाऊस के संचालक अशोक कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके शोरूम पर अृमत पाल व पवन कुमार तथा भाई मनिंद्र सिंह व राजिंद्र सिंह कई वर्षों से काम कर रहें है।

### लघु सचिवालय की पार्किंग से कार चोरी

**सिरसा।** लघु सचिवालय पार्किंग के पास से एक कार चोरी हो गई। पुलिस को दिए बयानों में मुखत्यार सिंह ने बताया कि 26 मई को वह किसी काम से लघु सचिवालय गया था। उसने अपनी गाड़ी पार्किंग में समय करीब 10 बजे लगाई थी। जब वह दोपहर को वापस आया तो कार गायब थी। अपने तौर पर आस पास गाड़ी की काफी तलाश की, लेकिन गाड़ी का कोई सुराग नहीं लगा। उल्लेखनीय है कि लघु सचिवालय के साथ-साथ रोड के आसपास व चौक में लगे सीसीटीवी कैमरे खराब पड़े हैं, जिससे आए दिन चोरी की घटनाएं होती हैं और चोर पुलिस की पकड़ में नहीं आ पाते।

## शरीर दान कर इंसानियत की मिसाल बनीं शीलावंती इन्सां

- केएमसी मेडिकल कॉलेज में रिसर्च के लिए किया दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

भूना निवासी 83 वर्षीय शीलावंती इन्सां धर्मपत्नी मनोहर लाल रेवाड़ी ने मृत्यु के बाद भी इंसानियत की सेवा का संदेश देकर समाज के लिए प्रेरणा प्रस्तुत की। उनके निधन के बाद परिवारजनों ने उनकी अंतिम इच्छा को पूरा करते हुए नेत्रदान के साथ-साथ पार्थिव शरीर मेडिकल रिसर्च के लिए दान कर दिया। जानकारी के अनुसार शीलावंती इन्सां गत दिवस अल सुबह अपनी स्वांसों रूपी पूंजी पूर्ण कर कुल मालिक के चरणों में सचखंडवासी हो गई थी। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां की शिक्षाओं से प्रेरित होकर उन्होंने जीते जी ही मरणोपरांत शरीरदान का संकल्प पत्र भर रखा था। उनके पुत्र नरेंद्र कुमार व बिट्टू रेवड़ी इन्सां ने मां की अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए उनके नेत्रदान के साथ पार्थिव देह उत्तर प्रदेश के महाराजगंज स्थित केएमसी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल को रिसर्च व मेडिकल छात्रों के अध्ययन हेतु दान कर दी।



शीलावती इन्सां। (फाइल फोटो)

## लापता नाबालिग लड़की को पुलिस टीम ने सकुशल किया बरामद, आरोपी गिरफ्तार

- बाल कल्याण समिति के समक्ष हुई उचित काउंसलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस ने मुस्तैदी से कार्रवाई करते हुए न केवल लापता नाबालिग लडक़ी को सकुशल बरामद किया, बल्कि उसे बहला-फुसलाकर ले जाने वाले मुख्य आरोपी को भी दबोच लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान सागर सिंह निवासी रहनखेड़ी, भूना के रूप में हुई है। आरोपी अब गुरुनानकपुरा मोहल्ला, फतेहाबाद में रहता है। डीएसपी संजय कुमार ने बताया कि मार्च 2026 में एक शिकायतकर्ता ने थाना शहर फतेहाबाद में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी सागर सिंह उनकी नाबालिग लडक़ी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। शिकायत पर तुरंत संज्ञान लेते हुए पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए डीएसपी संजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचनाओं के आधार पर संभावित ठिकानों पर दबिश दी और नाबालिग लडक़ी को सकुशल बरामद कर लिया। लडक़ी की बरामदगी के बाद नियमानुसार बाल कल्याण समिति के समक्ष उसकी उचित काउंसलिंग करवाई गई और माननीय अदालत के सामने बयान दर्ज कराए गए।



**फतेहाबाद।** पुलिस गिरफ्त में नाबालिग को ले जाने का आरोपी।

### अतिक्रमण हटाने के दौरान आपस में भिड़े दुकानदार

**सिरसा।** नप द्वारा शहर के सरकूलर रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान दो दुकानदान भी आपस में झगड़ पड़े और जमकर लात घुसे चले। पुलिस व स्थानीय दुकानदारों ने बीच बचाव करते हुए उन्हें शांत करवाया। वहीं, नगर परिषद की अतिक्रमण हटाओ टीम व दुकानदारों में जमकर बहसबाजी हुई। दुकानदारों ने आरोप लगाया कि नगर परिषद अतिक्रमण हटाने के नाम पर भेदभाव करती है और उन्हें तंग किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार नगर परिषद की टीम सरकूलर रोड पर पहुंची और यहां दुकानों के बाहर रखा सामान जब्त कर लिया, जिस पर दुकानदार भडक़ गए और बहसबाजी पर उतर आए। दुकानदारों का आरोप है कि नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण हटाने के नाम पर भेदभाव किया जाता है। दुकानदारों का आरोप है कि छोटे दुकानदारों को बार-बार तंग किया जाता है और उनका सामान जब्त किया जाता है, जबकि बड़े दुकानदारों व अस्पतालों पर कोई कार्रवाई नहीं होती।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

## उपायुक्त ने सामान्य अस्पताल, नशा मुक्ति केंद्र व स्वास्थ्य सुविधाओं का किया निरीक्षण

# अस्पताल में समयबद्ध व गुणवत्ता के साथ पूरे करें विकास कार्यः डीसी

*प्रत्येक नागरिक को उपलब्ध हों समय पर बेहतर उपचार, स्वच्छ वातावरण और आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

डीसी डॉ. विवेक भारती ने बुधवार को सामान्य अस्पताल फतेहाबाद का निरीक्षण कर अस्पताल में चल रहे नवीनीकरण कार्यों, स्वास्थ्य सुविधाओं और विभिन्न विभागों की व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पताल में चल रहे सभी विकास एवं नवीनीकरण कार्यों के लिए स्पष्ट टाइमलाइन निर्धारित की जाए और तय समयावधि में गुणवत्ता के साथ इन्हें पूरा किया जाए, ताकि मरीजों को आधुनिक और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। सरकार की प्राथमिकता है कि प्रत्येक नागरिक को समय पर बेहतर उपचार, स्वच्छ वातावरण और आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों। डीसी डा. विवेक भारती ने अस्पताल की ओपीडी, जच्चा-बच्चा वार्ड, आपातकालीन वार्ड, प्रसूति विभाग एवं कक्ष, चिकित्सकों के ओपीडी कक्ष, आयुष एवं होम्योपैथिक केंद्र सहित विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों के लिए बैठने की व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई, दवाई वितरण व्यवस्था तथा चिकित्सकीय सेवाओं की उपलब्धता का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर व्यवहार और समयबद्ध चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाना सुनिश्चित किया जाए।



**फतेहाबाद।** नागरिक अस्पताल का निरीक्षण करते डीसी डॉ. विवेक भारती।

### विद्युत उपकरण और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था जांची

डीसी ने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि परिसर में रखे गैर-जरूरी एवं अनुपयोगी सामान को तुरंत हटाया जाए तथा नियमानुसार उसे कंडम घोषित कर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर स्वच्छ, व्यवस्थित और मरीजों के अनुकूल वातावरण वाला होना चाहिए। डीसी ने अस्पताल परिसर में सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश देते हुए नियमित मॉनिटरिंग पर जोर दिया। उन्होंने अस्पताल परिसर में बनाए गए हर्बल पार्क की फेंसिंग करवाने के निर्देश भी दिए, ताकि हरित वातावरण के साथ-साथ पार्क का संरक्षण भी सुनिश्चित किया जा सके। निरीक्षण के दौरान डीसी डा. विवेक भारती ने लोक निर्माण विभाग, इलेक्ट्रिकल विंग के अधिकारियों को अस्पताल में जरूरी विद्युत उपकरण उपलब्ध करवाने, खराब उपकरणों को बदलने तथा बिजली व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए।